# अवैध रेत माफियाओं पर प्रशासन का प्रहार



**नवभारत न्यूज**

**सेवढ़ा/लांच, 17 जून।** जिले में अवैध रेत उत्खनन के विरुद्ध प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सिंध नदी के लांच घाट पर रेत माफियाओं द्वारा निर्मित अस्थायी पुल को तोड़कर नष्ट कर दिया। यह कार्रवाई कलेक्टर श्री स्वप्निल वानखेड़े एवं पुलिस अधीक्षक श्री मयूर खंडेलवाल के निर्देशन तथा एसडीएम श्री अशोक अवस्थी एवं एसडीओपी श्री अजय चन्ना के मार्गदर्शन में राजस्व, पुलिस एवं खनिज विभाग की संयुक्त टीम द्वारा की गई।

**कलेक्टर एवं एसपी के निर्देशन में संयुक्त कार्रवाई, अवैध अस्थायी पुल ध्वस्त**

प्राप्त जानकारी के अनुसार अवैध रेत उत्खनन में संलिप्त लोगों द्वारा नदी में अस्थायी पुल का निर्माण कर भारी वाहनों एवं मशीनों की आवाजाही कराई जा रही थी। इस पुल के माध्यम से लंबे समय से अवैध रूप से रेत का उत्खनन एवं परिवहन किया जा रहा था, जिससे शासन को राजस्व की हानि होने के साथ-साथ नदी के प्राकृतिक स्वरूप एवं पर्यावरण को भी नुकसान पहुंच रहा था। प्रशासन द्वारा प्राप्त शिकायतों एवं सतत निगरानी के आधार पर संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। टीम ने अवैध रूप से निर्मित अस्थायी पुल को मशीनों की सहायता से पूरी तरह ध्वस्त कर दिया, जिससे अवैध उत्खनन गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाई जा सके। कार्रवाई के दौरान थाना प्रभारी लांच श्री शत्रुघ्न मिश्रा, कार्यपालिक मजिस्ट्रेट श्री आनंद भदौरिया, माइनिंग इंस्पेक्टर श्री संजय धाकड़ सहित राजस्व, पुलिस एवं खनिज विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई भी सुनिश्चित की। कलेक्टर श्री स्वप्निल वानखेड़े ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी रहेगा। वहीं पुलिस अधीक्षक श्री मयूर खंडेलवाल ने कहा कि कानून व्यवस्था प्रभावित करने वाले एवं प्राकृतिक संसाधनों का अवैध दोहन करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## मध्य प्रदेश शिक्षक संघ आज प्रधानमंत्री के नाम सौंपेगा ज्ञापन

**दतिया, 17 जून।** दतिया टेट परीक्षा की अनिवार्यता की समाप्ति हेतु एबीआरएसएम के राष्ट्रव्यापी आंदोलन मैं गुरूवार को पूरे देश में एक साथ प्रधानमंत्री एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्री को ज्ञापन सौंप कर संविधान संशोधन कर शिक्षकों को टीईटी परीक्षा से राहत की मांग की जा रही है इसी क्रम में मध्य प्रदेश शिक्षक संघ द्वारा प्रांतीय आह्वान पर जिला दतिया में भी जिला अध्यक्ष राजेश पैकरा के नेतृत्व में गुरूवार को ज्ञापन सोपा जा रहा 18 जून समय सायं 4:30 बजे स्थान न्यू कलेक्ट्रेट, दतिया माध्यम देश के प्रधानमंत्री एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्री के नाम, कलेक्टर (दतिया) के माध्यम से ज्ञापन प्रस्तुत किया जाएगा।

# महाराणा प्रताप ने देश को झुकने नहीं दिया : पिरौनिया



**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 17 जून।** महाराणा प्रताप का संपूर्ण जीवन राष्ट्र को समर्पित रहा ,उन्होंने धर्म और सनातन के लिए जीवन पर्यंत आतातायईयों से संघर्ष किया। उक्त बात भांडेर के पूर्व विधायक एवं भाजपा मध्य प्रदेश के प्रदेश प्रवक्ता घनश्याम पिरौनिया ने महाराणा प्रताप की जयंती के अवसर पर व्यक्त किए। इस अवसर पर क्षत्रीय समाज के वरिष्ठ जनों का शौल श्रीफल से सम्मान किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में महाराणा प्रताप के जीवन चरित्र का अनुसरण करने की अति आवश्यकता है ।

अध्यक्षीय भाषण में भांडेर नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष श्री राजेश सिंह चौहान ने कहा कि महाराणा प्रताप युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत रहे हैं,हम सबको उनके जीवन चरित्र से प्रेरणा लेकर सामाजिक क्षेत्र में काम करने की आवश्यकता है । कार्यक्रम का संचालन बेटू सैंगर ने एवं आभार प्रदर्शन शैलेंद्र सिंह सैंगर ने किया। इस अवसर पर भांडेर की मंडल अध्यक्ष रुपेश पंसारी, पूर्व मंडल अध्यक्ष अशोक रजक , बेताल सिंह यादव, पंचम सिंह चौहान, लाल सिंह सेंगर, कृपाल सिंह सेंगर, शिवराम सिंह सेंगर, अरविंद पाल, शिवराम सिंह सेंगर, सुरेंद्र सिंह सैंगर, रणजीत सिंह सेंगर, बलवंत सिंह सैंगर,नीटू नगरिया,शैलेंद्र सिंह सेंगर, महेंद्र चौहान, संतोष पटेल,पुष्पैद्र रजक, माधव सिंह कुशवाहा, अभिशेक दांगी, सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे

# महिला कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन



**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 17 जून।** राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस की अधिकृत प्रत्याशी सुश्री मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त किए जाने के विरोध में जिला महिला कांग्रेस दतिया की पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने बुधवार को महामहिम राज्यपाल के नाम तहसीलदार बृजमोहन आर्य को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई पर कड़ा विरोध जताया साथ ही राजगढ़ चौराहा पर पुतला दहन किया गया।

ज्ञापन में महिला कांग्रेस ने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी का नामांकन निरस्त किया जाना लोकतांत्रिक मूल्यों, चुनावी पारदर्शिता एवं संवैधानिक संस्थाओं की निष्पक्षता पर गंभीर प्रश्न खड़े करता है। संगठन ने इस निर्णय को प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के विपरीत बताते हुए इसकी निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। महिला कांग्रेस ने राज्यपाल के माध्यम से राष्ट्रपति से पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच कराने तथा भविष्य में किसी भी राजनीतिक दल या प्रत्याशी के साथ पक्षपातपूर्ण व्यवहार न होने को सुनिश्चित करने का आग्रह किया। ज्ञापन में लोकतंत्र की गरिमा, संविधान की भावना एवं निर्वाचन प्रक्रिया की निष्पक्षता बनाए रखने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर रचना शेर सिंह, अशोक दांगी बागड़ा, नरेंद्र गुर्जर, गुड्डी जाटव, भारती परिहार, रेखा अहिरवार, मुन्नी अंगरैया, मंजू गौतम, मंजू प्रजापति, सकोटिन खान, तस्वीरन खान, कमल जोशी, मुन्नी प्रजापति, नीतू अहिरवार सहित महिला कांग्रेस की अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

# सुशासन के लिए जनभागीदारी मजबूत आधार : एसपी



**नवभारत न्यूज**

**इंदरगढ़, 17 जून।** मयूर खण्डेलवाल पुलिस अधीक्षक दतिया ने कहा कि सुशासन के लिये जनभागीदारी मजबूत आधार है। किसी अप्रिय घटना घटना घटित होने या घटना की आशंका पर आमजनों के सहयोग से पुलिस को सही एवं समय पर सटीक सूचना मिलती है, जिससे अपराधी को त्वरित कावू में किया जा सकता है ! उक्त बात उन्होंने इन्दरगढ स्थित गुलाब गार्डन में इन्दरगढ व्यापार मण्डल द्वारा आयोजित सम्मान समारोह एवं जन संवाद के दौरान वतौर मुख्य अतिथि की आशन्दी से कही ! उन्होंने अवैध शराव, जुआ, सट्टा, पर प्रभावी रोक लगाने सहित सुरक्षा की द्रष्टि से बाजार में पुनरू पुलिस चौकी , थाना थाना में पुलिस बल की बृद्धि सहित लोगों के अन्य सुझावों को जल्द क्रियायन्वयन करने का आश्वाशन दिया ! कार्यक्रम को मंचाशीन उपस्थित सेंवढा एसडीओपी अजय चानना, सर्राफ व्यापारी सुधीर अग्रवाल, डवरा व्यापार मण्डल अध्यक्ष मुन्नालाल डेंगरे ने संबोधित किया ,कार्यकृम का संचालन बीबी मिश्रा तथा इन्दरगढ व्यापारी संघ अध्यक्ष रामप्रकाश गुप्ता द्वारा आभार व्यक्त किया गया। कार्यकृम में नगर परिषद प्रतिनिधि रामस्वरूप मण्डेलिया, जिला विकास सलाहकार समिति सदस्य रामबाबू शर्मा, पमण्डल अध्यक्ष रामलखन सिंह गुर्जर, आयोजक समिति के गुलाब शिवहरे, आन्नद शिवहरे, कमल शिवहरे, निलय नगरिया, बब्लू गुप्ता द्वारा नगर के पत्रकार साथियों का भी शॉल श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया।

# शर्मा की कृति-सबरी-दर्शन को अखिल भारतीय विष्णु प्रभाकर सम्मान

**दतिया, 17 जून।** दतिया के प्रसिद्ध साहित्यकार सेवानिवृत्त प्राचार्य



कमलकांत शर्मा सहित्य के जगत में गौरवान्वित हुए। म.प्र.शासन के सांस्कृतिक परिषद की साहित्य अकादिमी ने साहित्यकार कमलकांत शर्मा की कृति-सबरी-दर्शन को अखिल भारतीय विष्णु प्रभाकर सम्मान के लिए चयनित किया।

इस सम्मान के तहत उन्हें 1 लाख रूपये की राशि प्रदान की जाऐगी। श्री शर्मा ने अपने जीवनकाल में कई पुस्तके लिखी और साहित्य जगत में बड़ी से बड़ी मंचो पर पुरूष्कार प्राप्त कर सम्मनित हुए। यह दतिया के लिए साहित्य जगत में गौरव की बात है और हर्ष का माहौल उन्हें बधाई देने वालों में पूर्व गृहमंत्री डॉ.नरोत्तम मिश्रा, विधायक प्रदीप अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष रघुवीर कुशवाहा, पूर्व विधायक घनश्याम पिरौनिया, जिलामहामंत्री अतुल भूरे चौधरी, वरिष्ठ साहित्यकार माता प्रसाद दुबे, डॉ.लोकेन्द्र सिंह नागर, डॉ. श्याम बिहारी श्रीवास्तव, डॉ. रामजीखरे, डॉ.कामिनी, जगत शर्मा, मनीराम शर्मा, पूरनचन्द्र शर्मा, विनोद मिश्र, सेवानिवृत्त रवि त्रिपाठी, देवेन्द्र तिवारी, कुंज बिहारी गोस्वामी, केनाल डिप्टी कलेक्टर सिंचाई विभाग सनत पुरोहित श्रीमती कल्पना तिवारी, आरती दुबे, मीनाक्षी कटारे, किरण गुप्ता, बल्ले रावत, सहित साहित्य जगत जनप्रतिनिधियों ने बधाई दी।

## एक नजर में



### 17 आरक्षकों को मिला प्रधान आरक्षक के उच्च पद का कार्यवाहक प्रभार

**दतिया, 17 जून।** पुलिस अधीक्षक दतिया मयूर खंडेलवाल द्वारा जिला पुलिस बल के 17 आरक्षकों को प्रधान आरक्षक के उच्च पद का कार्यवाहक प्रभार प्रदान किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने संबंधित कर्मचारियों को वर्दी पर प्रधान आरक्षक की रैंक लगाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं तथा उन्हें नई जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए जनता की सेवा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में रक्षित निरीक्षक यातायात प्रभारी निरीक्षक सपना शर्मा, शाखा प्रभारी एवं अन्य पुलिस अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने पदोन्नत कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

### श्री पीताम्बरा पीठ में वैदिक परंपरा का भव्य आयोजन

**दतिया।** विश्व प्रसिद्ध श्री पीताम्बरा पीठ में बुधवार को पारंपरिक वैदिक रीति-



रिवाजों के साथ यज्ञोपवीत (जनेऊ) संस्कार का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान जिले सहित विभिन्न स्थानों से आए करीब एक सैकड़ा वटुकों का मुंडन एवं यज्ञोपवीत संस्कार विधि-विधान से सम्पन्न कराया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, संस्कार कार्यक्रम मंदिर की यज्ञशाला में आयोजित किया गया, जहां आचार्य पंडित विष्णुकांत मुड़िया एवं अन्य विद्वान ब्राह्मणों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ वटुकों को जनेऊ धारण कराया। संस्कार के दौरान बालकों को गायत्री मंत्र की दीक्षा देकर सनातन धर्म की परंपराओं एवं संस्कारों का महत्व बताया गया। संस्कार पूर्ण होने के बाद वटुकों ने मां पीताम्बरा एवं महाराज जी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में बच्चों के माता-पिता एवं परिजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और अपने बच्चों के जीवन के इस महत्वपूर्ण धार्मिक संस्कार के साक्षी बने। मंदिर परिसर में पूरे आयोजन के दौरान धार्मिक एवं आध्यात्मिक वातावरण बना रहा। वैदिक मंत्रों की गूंज और श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष गरिमा प्रदान की।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस तक विशेष अभियान जारी




**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 17 जून।** विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून तक पर्यावरण संरक्षण, जल एवं वायु संवर्धन, स्वच्छता, पौधारोपण तथा योग के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जिले में विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत प्रतिदिन ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जनभागीदारी के साथ विभिन्न कार्यक्रम एवं गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार सहायक संचालक शिक्षा विभाग मुस्कान दिनकर के मार्गदर्शन में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रमों में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने पौधरोपण किया तथा पर्यावरण संरक्षण एवं पौधों के संरक्षण के प्रति शपथ ली। इस अवसर पर सभी को अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का संदेश दिया गया। अभियान के माध्यम से नागरिकों को स्वच्छ वातावरण बनाए रखने तथा पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया गया।जिले में संचालित यह विशेष अभियान पर्यावरण संरक्षण और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

# किराएदारों की जानकारी पुलिस को दें : जैन

**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 17 जून।** क्षेत्र की सुरक्षा एवं अपराध नियंत्रण में आमजन की सक्रिय सहभागिता अत्यंत महत्वपूर्ण है। नगरवासी अपने आसपास होने वाली संदिग्ध गतिविधियों, असामाजिक तत्वों की मौजूदगी, अवैध शराब के विक्रय, होटल-ढाबों में होने वाली संदिग्ध गतिविधियों, हुड़दंग करने वाले व्यक्तियों तथा अन्य किसी भी अवैध कार्य की सूचना तत्काल पुलिस को दें। साथ ही क्षेत्र में आने वाले संदिग्ध व्यक्तियों एवं किरायेदारों की जानकारी भी पुलिस को दे। उक्त बात एसडीओपी अनुभाग दतिया श्रीमती आकांक्षा जैन ने थाना कोतवाली क्षेत्रांतर्गत भदौरिया की खिड़की में जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान कही।

**नागरिकों को सुरक्षा उपायों के प्रति किया जागरूक**



कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय नागरिकों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएं एवं सुझाव सुने गए। इस अवसर पर नागरिकों को अपने घरों एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों ने पुलिस के इस जनसंपर्क प्रयास की सराहना करते हुए क्षेत्र में शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

## न्यायाधीश तनेजा को मिली पीएचडी

**दतिया, 17 जून।** भांडेर न्यायालय में पदस्थ प्रथम व्यवहार वरिष्ठ खंड न्यायाधीश दीक्षा तनेजा को साइबर विधि विषय पर उत्कृष्ट शोध कार्य के लिए डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएचडी) की उपाधि प्रदान की गई है। उन्होंने साइबर विधि के सृजनात्मक प्रावधानों तथा विध्वंसात्मक परिणामों का एक समालोचनात्मक अध्ययन (विशेषत: मध्यप्रदेश के परिप्रेक्ष्य में) विषय पर अपना शोध कार्य पूर्ण किया। शोध में साइबर कानून के विभिन्न पहलुओं, उसके सकारात्मक एवं नकारात्मक प्रभावों तथा मध्यप्रदेश में साइबर अपराधों की स्थिति और उनसे निपटने के लिए बनाए गए कानूनी प्रावधानों का गहन विश्लेषण किया गया है।

# दतिया में विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण आज

**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 17 जून।** विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित, निष्पक्ष एवं प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग के अधीन गठित विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम (भोपाल एवं ग्वालियर क्षेत्र) की बैठक आगामी 18 जून को दतिया में आयोजित की जाएगी। फोरम के अध्यक्ष एवं सदस्य विद्युत उपभोक्ताओं की शिकायतों की सुनवाई कर उनका नियमानुसार निराकरण करेंगे।

महाप्रबंधक धर्मेन्द्र कौशिक ने जानकारी देते हुए बताया कि फोरम की बैठक 18 जून को दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक संभागीय वृत्त कार्यालय, दतिया के मीटिंग हॉल में आयोजित होगी। बैठक में दतिया वृत्त के अंतर्गत आने वाले विद्युत उपभोक्ताओं की शिकायतों की सुनवाई की जाएगी। उपभोक्ता निर्धारित समय में अपने आवेदन एवं संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि जिन उपभोक्ताओं को विद्युत बिलों में त्रुटि, मीटर संबंधी शिकायत, विद्युत प्रदाय की गुणवत्ता, वोल्टेज समस्या, नवीन कनेक्शन, सेवा संबंधी विवाद अथवा अन्य विद्युत सेवाओं से संबंधित समस्याएं हैं, वे इस अवसर का लाभ उठाकर अपनी शिकायत सीधे फोरम के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। फोरम द्वारा शिकायतों की सुनवाई कर उपभोक्ताओं को नियमानुसार राहत प्रदान की जाएगी। महाप्रबंधक श्री कौशिक ने कहा कि विद्युत वितरण कंपनी उपभोक्ता संतुष्टि को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है तथा उपभोक्ताओं को बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम उपभोक्ताओं को एक प्रभावी वैधानिक मंच प्रदान करता है, जहां उनकी समस्याओं का पारदर्शी एवं न्यायसंगत तरीके से निराकरण किया जाता है। उन्होंने जिले के समस्त विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है कि जिनकी शिकायतें लंबित हैं अथवा जो अपनी समस्याओं के समाधान हेतु सक्षम मंच की प्रतीक्षा कर रहे हैं, वे अधिकाधिक संख्या में फोरम की बैठक में उपस्थित होकर अपनी शिकायतें दर्ज कराएं एवं इस अवसर का लाभ प्राप्त करें।

# यादव समाज ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 17 जून।** समाजसेवी एवं सेवानिवृत्त सैनिक फौजी मोहर सिंह यादव, संदीप रिछारिया, सतीश कमरिया एवं टिंकू अहिरवार के खिलाफ दर्ज एफआईआर को झूठा बताते हुए यादव समाज एवं क्षेत्रवासियों ने बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से पूरे मामले की निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की गई।

सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि फौजी मोहर सिंह यादव क्षेत्र के प्रतिष्ठित समाजसेवी एवं सेवानिवृत्त सैनिक हैं, जो शिक्षा और विकास कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। समाज के लोगों का आरोप है कि उनकी बढ़ती सामाजिक प्रतिष्ठा से ईर्ष्या रखने वाले कुछ लोगों ने द्वेषपूर्ण भावना से प्रेरित होकर उनके खिलाफ झूठी एवं मनगढ़ंत एफआईआर दर्ज कराई है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि शिकायतकर्ता प्रदीप यादव पर पूर्व से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। समाज के लोगों ने आरोप लगाया कि प्रदीप यादव एवं उसके सहयोगियों ने साजिश के तहत यह मामला दर्ज कराया है। यादव समाज के प्रतिनिधियों ने पुलिस अधीक्षक से मांग की कि प्रकरण की किसी वरिष्ठ अधिकारी से निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय जांच कराई जाए तथा जांच पूरी होने तक फौजी मोहर सिंह यादव एवं अन्य आरोपितों के विरुद्ध किसी प्रकार की दंडात्मक कार्रवाई न की जाए।

# नशामुक्त भारत का लिया संकल्प




**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 17 जून।** नशा मुक्त भारत सप्ताह का आयोजन बस ड्राइवरों यात्रियों तथा नागरिकों तक पैंपलेट संकल्प पत्र नुक्कड़ नाटक आदि के माध्यम से पहुंचाया गया। ड्राइवरों, क्लीनरों एवं यात्रियों को नशे के दुष्परिणामों से जागरूक कर उनको नशामुक्त समाज निर्माण की शपथ दिलवाई गई। इस विशेष जन-जागरूकता अभियान का उद्देश्य समाज, युवाओं एवं बच्चों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए नशामुक्त एवं स्वस्थ समाज के निर्माण हेतु जनभागीदारी सुनिश्चित करना है।


कार्यक्रम के दौरान बस स्टैंड पर उपस्थित ड्राइवरों, क्लीनरों, परिचालकों, यात्रियों एवं आम नागरिकों को मद्यपान, तंबाकू, गुटखा, सिगरेट, नशीली दवाइयों तथा अन्य मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले गंभीर शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक दुष्परिणामों की जानकारी दी गई। वक्ताओं ने बताया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि परिवार, समाज एवं राष्ट्र की प्रगति में भी बाधक बनता है।

विशेष रूप से वाहन चालकों को नशे की अवस्था में वाहन संचालन से होने वाली दुर्घटनाओं एवं जनहानि के प्रति सचेत किया गया। इस अवसर पर विनोद मिश्रा, कविश मिश्रा, इस दौरान मुरारी लाल नागर्ची , अरूण गागौटिया सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# वाल्मीकि समाज के साथ हमेशा रहूंगा : डॉ .मिश्रा

**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 17 जून।** वाल्मीक समाज का महा। सम्मेलन गगोई वाटीका में किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश शासन के पूर्व गृहमंत्री डॉक्टर नरोत्तम मिश्रा उपस्थित हुए। बाल्मीकि समाज के सम्मेलन मैं। मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए डॉ नरोत्तम मिश्रा जी ने कहा कि मैंने दतिया को नगर निगम बनाने का प्रस्ताव पास करा कराया, अगर वो लागू हो गया होता तो आज बाल्मिक समाज के सैकड़ों लोगों को रोजगार मिल गया होता। वाल्मीकि समाज के साथ में हमेशा हूं, हमेशा रहूंगा। मेरे मंत्री काल में हम सफाई कर्मचारी। आयोग का गठन किया आगे जब भी मुझे मौका मिलेगा तो मैं सबसे पहले वाल्मीकि समाज के हितों की। फाइल। खोलूंगा मंच से उन्होंने बोला एवं



कार्यक्रम की अध्यक्षता, वरिष्ठ समाजसेवी। सीताराम खरे ने कि अपने उद्बोधन में पुरजोर तरीके से वाल्मीकि समाज की बात कही। पिछले 27 साल से दतिया नगरपालिका में सफाई कर्मचारी के पद पर काम कर रहे कर्मचारी अब तक पक्के नहीं हुए बड़े। दुर्भाग्य की बात है। सफाई कर्मचारियों को इतने वर्ष बीत जाने के बाद भी परमानेंट नहीं किया गया जल्द से जल्द पर्मानेंट किया जाए। महर्षि वाल्मीकि। आवासीय विद्यालय का निर्माण किया जाए, जिसमें कम से कम 5 बीघा जमीन में बनाया जाए। दतिया में सबसे बड़ा वाल्मीकि।

समाज का मोहल्ला चुनगर फाटक है, उसमें एक बड़ी धर्मशाला बनाई जाए। आने वाले समय में वाल्मीकि समाज के लोग धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रम कर सकें दतिया में बने वाल्मीकि। मंदिरों को अति सुंदर रूप दिया जाए एवं भिंड से विशेष अतिथि रूप में पधारे। सुनील वाल्मीक ने सामाजिक एकता पर जोर दिया कि हम सब एकजुटता के साथ समाज में काम करें आने वाले समय में वाल्मीकि। समाज को भी न्याय अधिकार। मिल सकें। दतिया से वाल्मीक समाज के नेता दिलीप। वाल्मीकि ने अपने उद्बोधन में कहा के मध्य प्रदेश के पूर्व। गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा दतिया। के लिए विकास पुरुष हैं, जिन्होंने इतने काम दतिया जिले में कराए दतिया की सूरत ही बदल गई। मंच पर उपस्थित वरिष्ठ जनों में रामेश्वर वाल्मीकि। हरीश चंद्र वाल्मीकि। पूर्व पार्षद हर किशन। चप्पे वाल्मीकि भगत जी, महेश शेरे एवं हजारों की तादाद में बाल्मीक, समाज की महिला और पुरुष वाल्मीकि समाज महा सम्मेलन में शामिल हुए। कार्यक्रम का सफल संचालन रविंद्र वाल्मीकि। एवं आभार प्रदर्शन विक्का वाल्मीकि ने किया विशेष रूप से उपस्थित लोगों चूनगर फाटक से श्यामलाल वाल्मीकि जी। पन्नालाल, वाल्मीकि ओमप्रकाश, मास्टर राजूमेट वाल्मीकि ब्रज किशोर। मोरे निवोरीलाल वाल्मीकि सतीश हरिया। खलकापुरा से महेश करोशिया।

हरि वाल्मीक अशोक वाल्मीकि, कासी प्रसाद वाल्मीकि भण्डेरी फाटक से दया कुमार वाल्मीकि राम किशन भूरे। वाल्मीकि। लक्ष्मण वाल्मीकि।। आजाद वाल्मीक बंगर की हवेली से मोहन वाल्मीक, लाला के ताल से प्रकाश पहलवान।